प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 02.01.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- मुख्यमंत्री ने आज जगदलपुर में तीन सौ छप्पन करोड़ रूपये से अधिक के दो सौ अट्ठाईस विकास कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन।
- राज्य सरकार ने गैर–बासमती चावल के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए मण्डी शुल्क और कृषक कल्याण शुल्क में छूट देने का लिया निर्णय।
- उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कबीरधाम में राज्य के पहले सड़क सुरक्षा अनुभव कक्ष का किया उद्घाटन।
- कल तीन जनवरी को ईडी के समक्ष पेश होंगे, पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा।

**समाचार विस्तार से .....**

**मुख्यमंत्री–जगदलपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जगदलपुर में तीन सौ छप्पन करोड़ रूपये से अधिक के दो सौ अट्ठाईस विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर में अब शांति स्थापित हो रही है। राज्य सरकार माओवाद प्रभावित इलाकों में नये कैम्प स्थापित कर रही है। साथ ही विभिन्न विकास के कार्य भी किए जा रहे हैं।

इसके बाद श्री साय ने ग्राम कंगोली में श्री वेदमाता गायत्री महाविद्यालय का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विद्याभारती संस्था के विकास के लिए पचास लाख रुपए देने की घोषणा की। वहीं, कांकेर सांसद भोजराज नाग ने प्रदेश में स्थित विद्याभारती संस्था की विभिन्न शाखाओं के विकास के लिए सांसद निधि से हर

वर्ष एक करोड़ रूपए और जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव ने जगदलपुर स्थित संस्था के विकास के लिए दस लाख रूपए की वित्तीय सहायता प्रदान करने की भी घोषणा की।

वहीं, मुख्यमंत्री बस्तर जिला पत्रकार संघ के नव–निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल हुए और पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

## मुख्यमंत्री–बैठक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नये साल के पहले दिन कल मंत्रालय में सभी विभागों के सचिवों और विभागाध्यक्षों की बैठक लेकर शासकीय कामकाज में पारदर्शिता और कसावट लाने के निर्देश दिए। साथ ही आम जनता से जुड़े मामलों का त्वरित और प्रभावी निराकरण करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कामकाज में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने मंत्रालय सहित सभी कार्यालयों में ई–ऑफिस की व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नीति का लाभ निवेशकों को मिले, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। श्री साय ने प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति के साथ ही नक्सल अभियानों पर मिली सफलता पर भी चर्चा की।

## चावल निर्यातक–मंडी शुल्क छूट

राज्य सरकार ने प्रदेश के चावल उद्योग को प्रोत्साहित करने और राज्य से गैर–बासमती चावल के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए मण्डी शुल्क और कृषक कल्याण शुल्क में पूरी तरह छूट देने का निर्णय लिया है। यह छूट उन चावल निर्यातकों को मिलेगी, जो राज्य के राइस मिलर्स और मंडियों के माध्यम से खरीदे गए धान से तैयार गैर–बासमती चावल का निर्यात करेंगे। इस फैसले से प्रदेश के चावल उद्योग को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धा में मदद मिलेगी। राज्य सरकार द्वारा राजपत्र में प्रकाशन के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह छूट एक वर्ष तक के लिए होगी। उक्त दोनों शुल्कों में छूट के लिए चावल निर्यातकों को यह

सुनिश्चित करना होगा कि उनके शिपिंग बिल में चावल के कार्गो का मूल स्थान छत्तीसगढ़ लिखा हो। साथ ही कुछ और शर्तों का पालन करना होगा।

<u>कबीरधाम–सड़क सुरक्षा अनुभव कक्ष</u>

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कबीरधाम में राज्य के पहले सड़क सुरक्षा अनुभव कक्ष का उद्घाटन किया। इस दौरान श्री शर्मा ने कक्ष के सभी पहलुओं का अवलोकन किया और इसकी कार्यप्रणाली पर विस्तार से जानकारी ली। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अब ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए आने वाले व्यक्तियों को एक विशेष ऑडियो और वीडियो सत्र से गुजरना होगा। यह सत्र आवेदनकर्ताओं को ट्रैफिक नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

सड़क सुरक्षा अनुभव कक्ष का उद्देश्य नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस कक्ष में विभिन्न प्रकार की सड़क सुरक्षा संबंधित जानकारी और सामग्री प्रस्तुत की गई है, जिसमें वाहन चालकों को दुर्घटनाओं से बचने के उपाय, ट्रैफिक नियमों के पालन और सुरक्षित ड्राइविंग के बारे में बताया गया है। कक्ष में विभिन्न वर्चुअल अनुभव, वीडियो और मॉडल्स के जरिए सड़क सुरक्षा को समझाने का एक आकर्षक तरीका अपनाया गया है।

<u>विजय शर्मा–कबीरधाम</u>

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम प्रवास के दौरान नवांगांव में बन रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता लाने और उसे समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घरों का निर्माण केवल एक बुनियादी आवश्यकता नहीं, बल्कि यह हर व्यक्ति को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान करता है और इसे पूरी तरह से गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाना चाहिए।

## गणतंत्र दिवस परेड–टिकट

गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट के लिए टिकटों की बिक्री आज से शुरू हो गई है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि टिकट सेना भवन, शास्त्री भवन, जंतर–मंतर, प्रगति मैदान और राजीव चौक मेट्रो स्टेशन से मूल फोटो पहचान पत्र दिखाकर खरीदे जा सकते हैं। सीधे वेबसाइट **''आमंत्रण डॉट एमओडी डॉट जीओवी डॉट आईएन'' और ''आमंत्रण मोबाइल ऐप''** से भी टिकट खरीदी जा सकती है। छब्बीस जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड के लिए टिकटों की कीमत बीस  रुपये से सौ रूपये तक और बीटिंग रिट्रीट के लिए बीस रुपये होगी।

## ईडी–कवासी लखमा

छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा कल तीन जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय–ईडी के समक्ष पेश होंगे। शराब घोटाला मामले में ईडी ने कवासी लखमा को तलब किया है। गौरतलब है कि बीते शनिवार को ईडी की टीम ने कोंटा विधायक कवासी लखमा और उनके बेटे हरीश कवासी के घर दबिश दी थी। इस दौरान ईडी ने सुकमा, कोंटा और रायपुर स्थित उनके ठिकानों पर छापा मारा था।

इस बीच, ईडी ने अब तक हुई कार्रवाई की जानकारी देते हुए आज सोशल मीडिया हैंडल **''एक्स''** पर बताया कि छत्तीसगढ़ के शराब घोटाला मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम–पीएमएलए के तहत बीते अट्ठाईस दिसंबर को रायपुर, धमतरी और सुकमा जिले के सात परिसरों में तलाशी ली गई। जिसमें विभाग के तत्कालीन मंत्री कवासी लखमा द्वारा नगद में पीओसी के उपयोग से संबंधित सबूत जुटाए गए हैं। साथ ही कई डिजिटल डिवाइस बरामद की गई हैं।

## कारोगुट्टा–सुरक्षा कैम्प

बीजापुर जिले के कोरागुट्टा गांव में सुरक्षा बलों का नया कैंप खोला गया है। यह कैम्प केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन का है। कोरागुट्टा में नये कैंप की स्थापना से पच्चीस साल बाद बीजापुर–तर्रेम–कोण्डापल्ली–पामेड़ मार्ग में आवागमन भी बहाल हो गया है। कल कैम्प स्थापना के साथ ही

सीआरपीएफ ने स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों की जांच की और उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित कीं। कोरागुट्टा में नया सुरक्षा कैंप खुलने से वहां रहने वाले ग्रामीण काफी उत्साहित हैं।

## दीपक बैज–पदयात्रा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर बस्तर में पदयात्रा करेंगे। यह पदयात्रा चार जनवरी को खूटपदर से बस्तर तक आयोजित की जाएगी। यह पदयात्रा एनएमडीसी नगरनार के विनिवेशीकरण का विरोध करने, एनएमडीसी का मुख्यालय बस्तर में लगाने की मांग, सीएसआर मद के पैसे से स्थानीय युवाओं को रोजगार देने और बस्तर के खूटपदर में सुपरस्पेशलिस्ट अस्पताल के प्रोजेक्ट को रद्द करने के विरोध में कांग्रेस द्वारा आयोजित की जा रही है।

## दुर्घटना

बलौदाबाजार जिले में बीती रात हुई सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा कसडोल थाना क्षेत्र के कलमीडीह गांव में हुआ। जहां तुरतुरिया से महराजी–अर्जुन गांव लौट रहे मोटरसाइकिल सवार तीन युवक हाईवा की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जिला प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को पच्चीस–पच्चीस हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की है।

वहीं, जांजगीर–चांपा जिले के कोसमंदा गांव में ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई है।

## देवेन्द्र यादव–तबीयत

बलौदाबाजार हिंसा मामले में रायपुर जेल में बंद विधायक देवेन्द्र यादव की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें दाउ कल्याण सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि देवेंद्र यादव पिछले पांच दिनों से अस्पताल में भर्ती है।

**<u>मौसम</u>**

प्रदेश में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन जारी है, इसके असर से ठंड का व्यापक असर देखने को मिल रहा है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण चार जनवरी से मौसम में बदलाव हो सकता है।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

- नेशनल टेस्टिंग एजेंसी–एनटीए की ओर से यूजीसी नेट की परीक्षा कल तीन जनवरी से शुरू हो रही है। परीक्षार्थी ''यूजीसी नेट डॉट एनटीए डॉट एसी डॉट इन'' वेबसाइट पर जाकर विषयवार समय–सारिणी देख सकते हैं।
- श्री दयानंद ने आज दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के नये मंडल रेल प्रबंधक के रुप में पदभार ग्रहण किया। श्री दयानंद वर्ष उन्नीस सौ संतानवे बैच के भारतीय रेलवे यातायात सेवा के अधिकारी हैं।
- रायपुर के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में अट्ठारह चिकित्सा शिक्षकों की संविदा नियुक्ति की गई है।
- बालोद जिले के दल्लीराजहरा नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अनियमितता बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>